ई-समाचार पत्र

सहारनपुर नगर निगम

माह- फरवरी, 2017

मासिक अवलोकन

संस्करण-3, अंक-2

प्रकाशक
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

सम्पादकीय मण्डल
सच्चिदानंद सिंह
प्रदीप कुमार मित्तल
प्रमोद कुमार गुप्ता
डा० ओ. पी. गुप्ता
बालेन्दु मिश्रा
सुरेश कुमार मिश्रा
अरुण कुमार
संजय भटनागर
कुलदीप कुमार

इस संस्करण में -

नगर आयुक्त की कलम से	1
68वें गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन	1
“स्वच्छ सर्वेक्षण-2017” हेतु क्यू.सी.आई ने किया सर्वेक्षण	2
राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह	2
सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन	2
स्मार्ट सिटी मिशन चरण-3 हेतु समीक्षा	3
स्वच्छता ऐप व जनसहभागिता हेतु कैम्प	3
पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण	3
आई.सी.टी. आधारित उपस्थिति	4
शिकायत, जनसूचना तथा अन्य	5

नगर आयुक्त की कलम से .....

आप सभी अवगत होंगे की माह जनवरी, 2017 से “स्वच्छ सर्वेक्षण-2017”का कार्य आरम्भ हो रहा है, जो 17जनवरी, 2017 तक चलेगा। शहरी स्वच्छता में सुधार लाने के लिए नगरों को प्रोत्साहित करने हेतु जनवरी, 2016 में 73 शहरों की रेटिंग के लिए शहरी विकास मंत्रालय ने “स्वच्छ सर्वेक्षण2016” का आयोजन किया गया था। रैंकिंग कार्य की कवरेज को बढ़ाने और शहरों व कस्बों को प्रोत्साहित करने के लिए कि वे समय पर और अभिनव ढंग से मिशन की पहलों को सक्रिय रूप से कार्यान्वित करे, शहरी विकास मंत्रालय ने अब स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के अंतर्गत 500 शहरों (एक लाख और उससे अधिक की जनसंख्या वाले) की रैंकिंग के लिए दूसरा सर्वेक्षण आरम्भ किया है। शहरों की रैंकिंग के लिए एकत्र किए जाने वाले आंकड़ों में 30% अंक नागरिकों के फीड बैक से प्राप्त आंकड़ों का आधारित हैं। नागरिक अपना फीड बैक www.swachh-survekshan.in पर अथवा मोबाईल के माध्यम से 1969 पर मिस्डकॉल करके दे सकते हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तृतीय चरण अंतर्गत सहारनपुर स्मार्ट सिटी हेतु प्रस्ताव बनाने हेतु शासन की ओर से एक नयी एजेंसी” Da-rashaw & Co. Pvt Ltd” को अधिकृत किया है। उक्त एजेंसी आम नागरिकों से उनके की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नए सिरे से स्मार्ट सिटी सहारनपुर के पूर्व प्रेषित प्रस्ताव में मानक के अनुरूप वांछित संशोधन कर केंद्र सरकार को प्रेषित करेगी। स्मार्ट सिटी मिशन के तृतीय चरण में भी पूर्व के दो चरणों की भांति ही आपकी सभी लोगों के विचार, सुझाव तथा सहभागिता आवश्यक है। सहारनपुर को “स्वच्छ सर्वेक्षण-2017” में सर्वोच्च स्थान दिलाने तथा “स्मार्ट सिटी मिशन–चरण 3” में चयनित करने हेतु आप अपने अमूल्य विचार तथा सुझाव हमें नगर निगम सहारनपुर की वेब साईट, दूरभाष, ई-मेल तथा फेसबुक पर भी उपलब्ध करा सकते हैं।

ओ. पी. वर्मा
नगर आयुक्त

शुभकामनाओं सहित ....

ओ.पी. वर्मा
(नगर आयुक्त)
नगर निगम सहारनपुर

68वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन-

68वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीयों तथा कर्मचारियों को संबोधित करते नगर आयुक्त।

68वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहारनपुर नगर निगम के प्रांगण में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण के उपरांत एक सांकृतिक कार्यक्रम के साथ बड़े धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ओ.पी. वर्मा ने ध्वजारोहण किया, जिसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ओ. पी. गुप्ता त्रिपाठी, महाप्रबंधक जलकल पी. के. गुप्ता, मुख्य अभियंता पी. के. मित्तल, लेखाधिकारी सुरेश मिश्रा सहित अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राथमिक विधालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मंच के माध्यम से नगर आयुक्त तथा अपर नगर आयुक्त ने गणतंत्र दिवस से जुड़ी रोचक जानकारियाँ देकर उपस्थित लोगों को उत्साहवर्धन किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2017 हेतु अधिकृत क्यू.सी.आई. की टीम ने किया सर्वेक्षण-

नगर निगम के सभागार में क्यू.सी.आई. की टीम तथा खाद्य एवं सफाई निरीक्षकों के साथ "स्वच्छ सर्वेक्षण-2017" में प्राप्त हो रहे आंकड़ों की समीक्षा करते अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह।

नगर निगम सहारनपुर हेतु "स्वच्छ सर्वेक्षण-2017" के लिये समय सारणी के अनुसार दिनांक 27.01.17 से 29.01.17 की तिथियाँ नियत की गयी थी। जिसके क्रम में भारत सरकार की ओर से अधिकृत एजेंसी क्यू. सी. आई. की तीन सदस्यीय टीम ने सहारनपुर में सर्वेक्षण कार्य आरम्भ करते हुए दिनांक 27.01.2017 को सहारनपुर नगर निगम के सभागार में नोडल अधिकारी/अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह तथा खाध एवं सफाई निरीक्षकों के साथ बैठक कर नगर निगम की ओर से की गयी तैयारियों तथा एकत्र किये गए आकड़ो का विश्लेषण किया। शहरों की रैंकिंग के लिए एकत्र किए जाने वाले आंकड़ों में नगर निकाय से आंकड़ों का संग्रहण और उसके साथ परस्पर वार्तालाप पर 45%, प्रत्यक्ष प्रेक्षण पर 25% तथा नागरिक फीड बैक पर 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। समग्र अंकों, सर्वेक्षण, विश्लेषण और निष्कर्षो सहित एसबीएम पोर्टल पर विस्तृत रिपोर्ट के साथ शहरों की रेकिंग 15 फरवरी, 2017 जारी की जायेगी।

नागरिकों से अनुरोध

- **कूड़ा-करकट निर्धारित स्थानों पर ही डाले ।**
- **गृहकर- जलकर का ससमय भुगतान करें ।**
- **पालीथिन का प्रयोग न करें।**
- **धूम्रपान का प्रयोग न करें ।**
- **सार्वजनिक सम्पतियों को हानि न पहुंचायें।**
- **अतिक्रमण न करें ।**
- **प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ लगाए।**
- **नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनायें ।**
- **यातायात नियमों का पालन ।**
- **अपने वाहनों से प्रदूषण नियंत्रित रखें।**
- **जल अमूल्य है, जल का प्रयोग सावधानी से करें।**

डा० ओ. पी. गुप्ता
नगर स्वास्थ्य अधिकारी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण -

देश में राजनीति के प्रति लोगों की उदासीनता को देखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 25 जनवरी 2015 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मानते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ सभी शासकीय विभागों तथा कार्यालयों में दिलाये जाने हेतु उक्त तिथि पर अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह ने नगर निगम के परिसर में नगर निगम के सभी अधिकारीयों तथा कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूक मतदाता बनने की शपथ दिलायी और सभी लोगों से सुशासन हेतु अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आहवान किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह नगर निगम के अधिकारीयों तथा कर्मचारियों जागरूक मतदाता बनने की शपथ दिलायी।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह -

सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को माल्यार्पण कर शुभकामनाये देते अपर नगर आयुक्त सचिदानन्द सिंह व कर निरीक्षक केशव प्रसाद।

दिनांक 31-01-17 को सहारनपुर नगर निगम में में कार्यरत 3 वरिष्ठ कार्मिकों की सेवानिवृति के अवसर पर नगर निगम परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त सचिदानंद सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ओ.पी. गुप्ता, कर निरीक्षक केशव प्रसाद व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त ने सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों रणवीर, तोताराम तथा मुकेश गर्ग, को पुष्प माला पहना कर उनके सफल सेवाकाल तथा नगर निगम के प्रति उनके समर्पण के लिये सम्मानित करते हुए उनको शुभकामनायें देते हुए विदाई दी, जिसका सभी लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सभी उपस्थित लोगो ने सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों को शुभकामनायें के साथ उपहार भी दिये। इस अवसर पर सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गयी थी।

स्मार्ट सिटी मिशन चरण-3 हेतु कंसल्टेंट टीम तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक -

स्मार्ट सिटी मिशन चरण-3 अंतर्गत सहारनपुर के स्मार्ट सिटी प्रस्ताव में वांछित संशोधन पर विभिन्न विभागीय अधिकारीयों से विचार विमर्श करने हेतु एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी, जिसमें कंसल्टेंट टीम के परामर्शदाता देवेश कुमार और उनकी टीम के सदस्यों सहित अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकार डा० ओ.पी. गुप्ता, मुख्य अभियंता पी. के. मित्तल, अधिशाषी अभियंता अतर सिंह परामर्शदाता पी. के. शर्मा तथा अन्य अधिकारीयों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारीयों को स्मार्ट सिटी मिशन प्रस्ताव में संशोधन हेतु सम्बंधित आवश्यक सूचनाओं को शीघ्र उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिसमें कंसल्टेंट टीम ससमय उनको समायोजित कर स्मार्ट सिटी मिशन चरण-3 का प्रस्ताव तैयार कर सके। सहारनपुर स्मार्ट सिटी मिशन चरण-3 को तैयार कर शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार को उपलब्ध करने हेतु 25 मार्च की तिथि नियत की गयी है। इसके पूर्व उक्त प्रस्ताव राज्य सरकार की टीम से भी अनुमोदित कराया जाना है।



सहारनपुर स्मार्ट सिटी चरण-3 के प्रस्ताव निर्माण की प्रगति तथा किये जा रहे संशोधनों पर परामर्शदाता एजेंसी के सदस्यों के साथ समीक्षा करते नगर आयुक्त ओ.पी. वर्मा तथा अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह।

स्वच्छता ऐप तथा स्मार्ट सिटी चरण-3 हेतु जागरूकता व सहभागिता हेतु नगर निगम ने लगाये कैम्प-

“स्वच्छ सर्वेक्षण- 2017” अंतर्गत स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर लोगों को स्वच्छग्राही बनाने के साथ -साथ सहारनपुर स्मार्ट सिटी चरण-3 अंतर्गत आम नागरिकों के सुझाव तथा विचार प्राप्त कर उनकी जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम सहारनपुर ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वदेश सेवा संस्थान के सहयोग से कम्पों का आयोजन किया। जिसमें समाज के सभी जनसहभागी वर्गों ने भाग लेकर बड़ी संख्या में स्वच्छता ऐप डाउनलोड किया और उसका उपयोग समझते हुए सहारनपुर स्मार्ट सिटी चरण-3 हेतु अपने बहुमूल्य विचार तथा सुझाव ऑनलाइन www.mygov.in पर उपलब्ध कराये। अब तक सहारनपुर के 3000 से अधिक नागरिकों ने स्वच्छता ऐप डाउनलोड किया है और नगर निगम ने स्वच्छता ऐप से सफाई हेतु प्राप्त 1200 से अधिक शिकायतों का निस्तारण कराया है। स्मार्ट सिटी चरण-3 अंतर्गत अब तक 47000 से अधिक सुझाव प्राप्त किये जा चुके हैं।

पथ प्रकाश विभाग का निरिक्षण -

प्रकाश की व्यवस्था तथा गुणवत्ता सुदृण करने के उद्देश्य से विभाग में आपूर्तित विधुत उपकरणों की नियमित जाँच क्रम में अपर नगर आयुक्त सचिदानन्द सिंह,लेखाधिकारी सुरेश मिश्रा, अवर अभियंता/ प्रभारी पथ प्रकाश एस. बी. अग्रहरी ने संयुक्त रूप से पथ प्रकाश भण्डार में विधुत सामग्री की उपलब्धता, आपूर्तित विधुत उपकरणों तथा उनकी गुणवत्ता की जांच की। पथ प्रकाश विभाग के भण्डार में स्टोर कीपर संत कुमार तथा विनोद कुमार ने सम्बंधित टीम को आपूर्तित विधुत उपकरणों उपलब्धता की जांच तथा स्टाक मिलान कराया।

विधुत उपकरणों की नियमित जाँच करते लेखाधिकारी सुरेश मिश्रा तथा अवर अभियंता/ प्रभारी पथ प्रकाश एस. बी. अग्रहरी।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आई.सी.टी. आधारित स्टाफ उपस्थिति प्रणाली का प्राविधान -

शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रम "स्वच्छ सर्वेक्षण 2017" के अंतर्गत नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु नगर निगम के सभी वार्डो में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति लेना अनिवार्य किया गया है, जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 29.11.2017 के अनुपालन में कुल 61 Aadhaar Enabled Biometric Attendance System प्राप्त हो चुकी हैं। "स्वच्छ सर्वेक्षण 2017"आई.सी.टी. आधारित स्टाफ उपस्थिति प्रणाली पर अधिकतम 23 अंको का प्राविधान किया गया है।समग्र अंकों, सर्वेक्षण, विश्लेषण और निष्कर्षों सहित एसबीएम पोर्टल पर विस्तृत रिपोर्ट के साथ शहरों की रेकिंग 15 फरवरी, 2017 जारी की जायेगी।

"स्वच्छ सर्वेक्षण 2017" अंतर्गत आई. सी. टी. आधारित स्टाफ उपस्थिति प्रणाली का प्राविधान किया गया।

शिकायत, जनसूचना तथा अन्य-

<u>शिकायत/ समस्या निस्तारण हेतु</u>

<u>दूरभाष संख्या</u>

1800-180-5432

800-180-3316

<u>जनसूचना अधिकारी</u>

श्री एस.बी. अग्रहरी

दूरभाष - +91-8477008075

नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा हेतु सड़कों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की है, जिसे ससमय जलाने व बंद करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, आप से अनुरोध है की नगर निगम अंतर्गत यदि कोई भी स्ट्रीट लाईट जलती हुई पायी जाए तो तत्काल नगर निगम कार्यालय को निम्न दूरभाष संख्या पर सूचित करें-

1- श्री एस.बी. अग्रहरी (प्रभारी पथ प्रकाश) दूरभाष- +91-8477008075
2- श्री संत कुमार (स्टोर कीपर) दूरभाष- +91-8477008089
3- श्री विनोद कुमार दूरभाष- +91-8477008069

सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर - 247001, (उ०प्र०), दूरभाष-0132-2614720, फैक्स-0132-2614730
वेब साइट- www.saharanpurnagarnigam.in, ई-मेल- nagarnigamsaharanpur@gmail.com,
फेसबुक-www.facebook.com/saharanpurnagarnigam